# सड़क निर्माण कार्य मई तक पूरा करें : महापौर

- मालवीय नगर मास्टर प्लॉन सड़क का किया निरीक्षण
- अधिकारियों को दिए निर्देश



**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** नगर निगम द्वारा शहर की 23 मास्टर प्लान सड़कों का निर्माण किया जा रहा है. मास्टर प्लान सड़कों के साथ जलप्रदाय, ड्रेनेज और स्टॉर्म वॉटर लाइन भी डाली जा रही है. उक्त कार्यों को गुणवत्ता और समय सीमा में पूरा करवाने के लिए महापौर लगातार निरीक्षण कर रहे है.

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने आज मालवीय नगर मास्टर प्लान सड़क का मौका निरीक्षण किया. इस दौरान महापौर ने एम.आर. 9 मालवीय नगर, गली नंबर-2 से लिंक रोड तक निर्मित की जा रही मास्टर प्लान सड़क निर्माण का कार्य देखा. यह सड़क लगभग 0.91 किलोमीटर लंबाई, 18 मीटर चौड़ाई तथा लगभग 6.92 करोड़ रुपए की लागत से बनाई जा रही है. महापौर ने सड़क निर्माण के साथ जलप्रदाय लाइन, सीवरेज लाइन एवं स्टॉर्म वाटर (स्टांप वाटर) लाइन कार्यों का भी निरीक्षण किया. महापौर भार्गव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य उच्च गुणवत्ता तथा मई महीने तक पूरा करने का लक्ष्य रखा जाए. निरीक्षण के दौरान महापौर भार्गव द्वारा क्षेत्रीय रहवासियों से बातचीत भी की गई. रहवासियों ने बताया कि सड़क निर्माण के दौरान बाधक हटाए जाने से बुरा लग रहा था,

**अन्य यूटिलिटी की व्यवस्थाएं भी**

नगर निगम द्वारा मास्टर प्लान की उक्त सड़क निर्माण में पानी की लाइन, ड्रेनेज लाइन, स्टॉर्म वाटर लाइन डालने के साथ अन्य यूटिलिटी की व्यवस्थाएं भी रख रहा है. इसका उद्देश्य यह है कि भविष्य में जल जमाव और ड्रेनेज की समस्या नहीं हो. अधिकारियों ने बताया कि गुणवत्ता के साथ तेजी से काम किया जा रहा है. मास्टर प्लान की यह रोड समय सीमा में पूरी होगी. उक्त रोड को मई तक पूर्ण कर दिया जाएगा.



# ठंडी हवाओं से कंपकपाया शहर

- 10 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली ठंडी हवाएं

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. दो दिन मौसम सामान्य रहने के बाद आज फिर पलटी खा गया। आज ठंडी हवाओं से कंपकपी छूट गई. आज दिन भर 10 से 11 प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल रही है. इस कारण आज दिन के तापमान में 4 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई. आज दिन का तापमान 22 डिग्री दर्ज हुआ और शाम को 5 बजे इसमें 2 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई.**

शहर में शीतलहर का अहसास फिर शुरू हो गया है. इसका कारण जम्मू कश्मीर, उत्तराखंड और हिमाचल में करीब तीन महीने बाद बर्फबारी हुई और कई स्थानों पर बर्फ के साथ बारिश भी हुई. शहर में दिनभर बादल छाए रहे और सूरज बादलों के साथ लिकछुपी करता रहा. आज शहर में चुभन भरी ठंडी हवाओं से कंपकपी छूट रही थी. इस कारण शहर में दिन का तापमान भी सामान्य से 4 डिग्री गिरकर 22 पर पहुंच गया. यही नहीं हवाओं की एक समान गति के कारण शाम 5 बजे बाद भी तापमान में लगातार गिरावट होती रही और शाम को शहर में तापमान 20 डिग्री दर्ज किया गया है. मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन चार दिन ठंड पड़ेगी. उत्तरी हवाओं और दक्षिण विक्षोम के कारण कम दबाव का एक नया सिस्टम बना है, जिस कारण मैदानी इलाकों में बारिश या मावठा गिर सकता है. इंदौर में आज दिन भर बादल छाए हुए थे और सुबह कोहरा भी बढ़ सकता है।वैसे दिन में मौसम साफ था और दृश्यता स्पष्ट थी.

# कलेक्टर व एमडी ने किया मेट्रो अंडर ग्राउंड लाइन का निरीक्षण



**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** शहर में मेट्रो का तीसरा चरण का काम शुरू करने के लिए आज प्रस्तावित स्टेशन स्थलों का अधिकारियों ने दौरा किया. दौरे के दौरान मेट्रो की अंडर ग्राउंड लाइन के नक्शा अनुसार मौका मुआयना किया. सुरक्षा व्यवस्था के साथ काम करने के निर्देश दिए.

आज मेट्रो रेल के महाप्रबंधक कृष्ण चैतन्य और कलेक्टर शिवम वर्मा ने खजराना से हाईकोर्ट चौराहे तक बनने वाली अंडर ग्राउंड लाइन का निरीक्षण किया. इस दौरान कलेक्टर वर्मा ने बंगाली चौराहे पर अंडर ग्राउंड स्टेशन की जानकारी ली. इसके बाद पलासिया चौराहे पर पुलिस लाइन की जगह प्रस्तावित स्टेशन स्थल को मौका मुआयना किया. कलेक्टर ने मेट्रो एमडी चैतन्य और अधिकारियों से प्रस्तावित अंडर ग्राउंड लाइन और स्टेशन के नक्शे को देखा. नक्शे के हिसाब से स्थल निरीक्षण कर निर्देश दिए कि काम के कारण जनता को असुविधा नहीं हो. साथ में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध करने के आदेश भी अधिकारियों को दिए.

ध्यान रहे कि शहर में व्यापारियों के भारी विरोध के बाद खजराना से हाईकोर्ट चौराहे तक मेट्रो अंडर ग्राउंड लाइन डालने का निर्णय हो चुका है. इसके लिए प्रदेश सरकार द्वारा सहमति और 850 करोड़ रुपए अतिरिक्त लागत का भुगतान वहन करना तय किया जा चुका है.

# मौतों को नकारना अमानवीय चेहरा : सज्जन

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. शहर में सरकार एक ओर जनता को ज़हर मिला पानी पिलाती है और दूसरी ओर जहरीले पानी से मौतों को नकारने, आंकड़े छुपाने और जिम्मेदारी से भागने में जुटी है. सरकार सच को दबाने के लिए अपने प्रभाव का इस्तेमाल कर डाक्टरों पर झूठी रिपोर्ट बनाने का दबाव बना रही है.**

यह आरोप कांग्रेस नेता और पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने लगाया है. वर्मा ने कहा कि अख़बारों में मौतों की पुष्टि होने के बाद भी भाजपा सरकार का यह कहना कि दूषित पानी से मौत नहीं होना बताना जा रहा है, यह सच पर पर्दा डाला जा रहा है. पूर्व मंत्री ने मुआवजे को लेकर कहा कि सरकारी लापरवाही से मौतों को भाजपा सरकार इंसानी जान की कीमत सिर्फ 2 लाख रुपए तय कर दी. भागीरथपुरा में चार बच्चियों के पिता की मौत होने के बाद परिवार पूरी तरह बेसहारा हो गया और सरकार समझती है कि 2 लाख देकर सब खत्म हो गया. जनता की जान सबसे सस्ती है. वर्मा ने कहा कि यदि समय रहते पाइपलाइन लीकेज और पानी की जांच हो जाती तो 27 घरों के चूल्हे आज नहीं बुझते.

# भागीरथपुरा कांड को लेकर कांग्रेस का 31 को धरना

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** नगर निगम की लापरवाही से भागीरथपुरा में 27 लोगों की मौत को लेकर पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए कांग्रेस 31 जनवरी को धरना देगी. कांग्रेस की मांग है कि मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और महापौर पुष्यमित्र भार्गव अपने पद से इस्तीफा दें. साथ ही घटना के दोषियों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया जाए. इंदौर शहर कांग्रेस के अध्यक्ष चिंटू चौकसे और जिला कांग्रेस के अध्यक्ष विपिन वानखेड़े ने कहा कि भागीरथपुरा में नगर निगम ने अपराध किया है. उक्त लापरवाही के कारण 27 लोगों की मौत हो चुकी है. शासन और प्रशासन एक के बाद एक हो रही मौत को नकारने में लगा हुआ है.

## एक नजर में

### नर्मदा साहित्य मंथन का आयोजन 30 से

इंदौर. विश्व संवाद केन्द्र मालवा के वार्षिक साहित्योत्सव 'नर्मदा साहित्य मंथन' के पंचम सोपान पंचम् सोपान का आयोजन 30 जनवरी से 1 फरवरी 2026 तक इन्दौर में होने जा रहा है. इस साहित्योत्सव का उद्देश्य समाज जीवन के विविध पक्षों पर विचार-मंथन कर समाज को वैचारिक रूप से जागरूक करना है। इस साहित्योत्सव के माध्यम से सांस्कृतिक और सामाजिक जागरण के साथ ही, उदीयमान भारत के विभिन्न पक्षों पर विचार-मंथन और भविष्य के भारत को गढ़ने में हमारी भूमिका से संबंधित विषयों पर प्रबोधन सत्रों का आयोजन होगा. पिछले सौ वर्षों में भारत के उदीयमान होते स्वरूप की अनुभूति और दुनिया की नैतिक नेतृत्व करने में सक्षम भारत के निर्माण का संकलप इस नर्मदा साहित्य मंथन की प्रेरणा है. इस सोपान में 'अहिल्या पर्व' के रूप में मालवा की ऐतिहासिक धरोहरों, भारतीय ज्ञान परम्परा एवं संस्कृति को केन्द्र में रखकर विशेष चर्चा की जाएगी. यह साहित्यिक उत्सव साहित्य प्रेमियों के लिए ही नहीं, अपितु समाज के हर वर्ग के लिए एक प्रेरणादायक और शिक्षाप्रद अवसर होगा।उद्घाटन सत्र में केरल के महामहिम राज्यपाल राजेन्द्र आर्लेकर 'भारत उदय का आधार - स्वबोध' विषय पर व्याख्यान देंगे. साहित्यमंथन में पुस्तक मेले का आयोजन भी किया जा रहा है, जिसमें देश के प्रतिष्ठित प्रकाशकों की पुस्तकें उपलब्ध रहेंगी।

### नेताजी सुभाष बोस जयंती पर पराक्रम दिवस मनाया



इंदौर. स्वतंत्रता संग्राम सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जन्म जयंती के अवसर पर चित्रांश कायस्थ समाज इंदौर के सदस्यों ने उनकी प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किये, और और उनके बलिदान पराक्रम और शौर्य को याद कर इस दिवस को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया. कार्यक्रम में संस्था के मुख्य संरक्षक एवं राष्ट्रीय कार्यवाहक महामंत्री रत्नेश श्रीवास्तव, जिला अध्यक्ष प्रदीप भटनागर, सचिव विवेक भटनागर, मार्गदर्शक उमेश श्रीवास्तव, योगेंद्र हजेला, के साथ अनेक समाज जन उपस्थित थे.

### फ्लिपकार्ट की 'क्राफ्टेड बाय भारत' सेल

इंदौर. भारत के होमग्रोन ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस, फ्लिपकार्ट ने आज अपनी फ्लैगशिप समर्थ सेल ईवेंट, 'क्राफ्टेड बाय भारत' 2026 के ग्यारहवें संस्करण की घोषणा की. यह सेल भारत के 77वें गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में 26 जनवरी से शुरू होगी. इसमें फ्लिपकार्ट के ऐप और वेब पर एक क्राफ्टेड बाय भारत स्टोरफ्रंट दिखाई देगा, जिसमें वारली, पटचित्र, मधुबनी, पिछवाई और टेराकोटा जैसे 200 से अधिक पारंपरिक कलारूप प्रदर्शित होंगे. इसके अलावा सॉफ्ट आईवरी वुड से हाथों से बनाए गए खिलौने, वूडन क्राफ्ट, हैंडलूम और क्षेत्रीय पेंटिंग भी मिलेंगी. इनका निर्माण 2300 से अधिक कारगरों, बुनकरों और छोटे उद्यमियों ने किया है, जो भारत की स्थानीय संस्कृति और विरासत का प्रतिनिधित्व करते हैं. अपराजिता, क्राफ्टकार्टइंडिया (फ्लिपकार्ट प्लेटफॉर्म की सैलर) ने कहा ऑनलाईन बाजार में व्यापक स्तर पर निर्मित रेप्लिका की भरमार है. ऐसे में समर्थ टैग ग्राहकों को यह सुनिश्चित करने का तरीका प्रदान करता है कि वो असली होमग्रोन बिज़नेस से विश्वसनीय होममेड उत्पाद खरीद रहे हैं. पहली पीढ़ी की उद्यमी होने और खुद के ही संसाधनों से क्राफ्टकार्ट की शुरुआत करने के नाते हमारे पास प्रतिष्ठित कॉर्पोरेट रिटेलर जितना बड़ा बजट नहीं है. इसलिए समर्थ की समर्पित एकाउंट सपोर्ट, कम बिज़नेस लागत (कमीशन) और कैटालोगिंग में सहायता ने हमें आगे बढ़ने के लिए समानतापूर्ण मंच उपलब्ध कराया, जिससे हम उस पर अपना ध्यान केंद्रित कर पाए.

### केनरा बैंक नेतृत्व वाली नराकास बेंगलुरु को प्रथम पुरस्कार

इंदौर - केनरा बैंक, प्रधान कार्यालय द्वारा संयोजित नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (टीओएलआईसी : बैंक एवं बीमा), बेंगलुरु को राष्ट्रीय स्तर पर टीओएलआईसी राजभाषा पुरस्कार के अंतर्गत प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया है. यह प्रतिष्ठित सम्मान केंद्रीय, पश्चिमी एवं दक्षिणी क्षेत्रों के संयुक्त क्षेत्रीय सम्मेलन के दौरान प्रदान किया गया, जिसका आयोजन राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा इंदौर में किया गया. यह पुरस्कार माननीय केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बंदी संजय कुमार द्वारा हरदीप सिंह अहलूवालिया, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (प्रभार) को स्मृति-चिह्न (शील्ड) के रूप में प्रदान किया गया. इसके अतिरिक्त, श्रीमती श्रीकला श्रीकुमार, सहायक महाप्रबंधक एवं टोलिक की सदस्य-सचिव, को माननीय सांसद श्री शंकर लालवानी द्वारा प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया. यह सम्मान बैंकिंग एवं बीमा क्षेत्र में राजभाषा के कार्यान्वयन को प्रोत्साहित एवं सुदृढ़ करने की दिशा में समिति के सराहनीय प्रदर्शन तथा सतत प्रयासों को रेखांकित करता है।

# डॉ. एके द्विवेदी को मिली राष्ट्रीय स्तर की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी

- पूर्वोत्तर भारत के प्रमुख आयुष संस्थान 'एनईआईएएच' की वैज्ञानिक सलाहकार समिति में हुए शामिल



इंदौर. चिकित्सा एवं आयुष क्षेत्र में इंदौर का नाम एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित हुआ है. भारत सरकार के आयुष मंत्रालय ने शहर के वरिष्ठ होम्योपैथी चिकित्सक डॉ. ए.के. द्विवेदी को शिलांग स्थित पूर्वोत्तर आयुर्वेद एवं होम्योपैथी संस्थान की प्रतिष्ठित वैज्ञानिक सलाहकार समिति में बतौर सदस्य (होम्योपैथी विशेषज्ञ) नामित किया है.

संस्थान द्वारा 23 जनवरी 2026 को जारी आधिकारिक पत्र के अनुसार, आयुष मंत्रालय के निर्देशों के अनुपालन में डॉ. द्विवेदी को अगले तीन वर्षों के लिए समिति का सदस्य मनोनीत किया गया है. उल्लेखनीय है कि एनईआईएएच, भारत सरकार के अधीन पूर्वोत्तर भारत का एकमात्र स्वायत्त आयुष संस्थान है, जहाँ एक ही परिसर में आयुर्वेद और होम्योपैथी की उच्च शिक्षा, शोध गतिविधियाँ तथा चिकित्सा सेवाएँ उपलब्ध हैं. इस अवसर पर डॉ.ए.के. द्विवेदी ने कहा—पूर्वोत्तर आयुर्वेद एवं होम्योपैथी संस्थान की वैज्ञानिक सलाहकार समिति का सदस्य चुना जाना मेरे लिए अत्यंत सम्मान और जिम्मेदारी का विषय है. पूर्वोत्तर भारत औषधीय संभावनाओं से समृद्ध क्षेत्र है. मेरा प्रयास रहेगा कि अपने अनुभवों के माध्यम से वहाँ शोध कार्यों को नई दिशा दे सकूँ और होम्योपैथी एवं आयुर्वेद के समन्वय से स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाने में योगदान कर सकूँ. डॉ. द्विवेदी के मनोनयन पर श्री गुजराती समाज के पदाधिकारियों, एस.के.आर.पी. गुजराती होम्योपैथी मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य, शिक्षकों एवं सहकर्मियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी. डॉ. द्विवेदी ने बताया कि उनके द्वारा पिछले 27 वर्षों से संचालित एनीमिया जागरूकता अभियान को केंद्रीय स्तर पर सराहना मिली है।



# महिला राष्ट्र की उन्नति और सामाजिक संरचना की रीढ़ भी

- जाल सभागृह में वंदनीय लक्ष्मीबाई केलकर (मौसीजी) स्मृति व्याख्यानमाला प्रारंभ

इंदौर. देवी अहिल्या सेवा न्यास एवं राष्ट्र सेविका समिति द्वारा आयोजित वंदनीय लक्ष्मीबाई केलकर (मौसीजी) स्मृति व्याख्यानमाला प्रारंभ हुई. इस कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्र सेविका समिति, इंदौर की परंपरा के अनुरूप किया गया, जिसमें शहर की सामाजिक-राजनैतिक एवं महिला समुदाय ने सक्रिय भागीदारी दिखाई. कार्यक्रम जाल सभागृह में आयोजित किया गया. इसमें संस्कार भारती अखिल भारतीय मंत्री आशुतोष अडोनी ने स्त्री, परिवार ही नहीं राष्ट्र की प्राण शक्ति है विषय पर समृद्ध विचार साझा किए. उन्होंने मातृशक्ति के अनेक उद्धरण दिए. श्री अडोनी ने बताया कि आज की महिला न केवल घर-परिवार का आधार है बल्कि वे राष्ट्र की उन्नति और सामाजिक संरचना की रीढ़ भी हैं. देश में आचार्य परंपरा चली आई है जिससे महिलाओं का स्वरूप देश को अन्य कार्य शैली में दिखाई पड़ा है. संचालन डॉ. सोनाली नरगुंदे ने किया. अध्यक्षता डॉ जमुना मिश्रा तथा मुख्य अतिथि के रूप में जूही अग्रवाल उपस्थित रहीं. आभार राष्ट्रीय सेविका समिति अध्यक्ष भारती कुशवाहा ने माना.

# संस्कार परिवर्तन से संसार परिवर्तन

- ओम शांति भवन में स्नेह मिलन व हल्दी कुमकुम कार्यक्रम

**इंदौर.** न्यू पलासिया स्थित ओम शांति भवन में श्रेष्ठ संस्कारों का आधार नारी विषय पर स्नेह मिलन एवं हल्दी कुमकुम का कार्यक्रम रखा गया.

मुख्य अतिथि डॉक्टर शायली कुलकर्णी कैंसर विशेषज्ञ एवं असिस्टेंट कमिश्नर जीएसटी डिपार्मेंट बहन मनीषा सोलंकी एवं तनावमुक्ति विशेषज्ञ राजयोगिनी बीके पूनम दीदी रहे. बीके पूनम दीदी ने कहा कि संस्कार परिवर्तन से ही संसार परिवर्तन किया जा सकता है और यह परिवर्तन शक्ति भगवान ने नारी को दी है. डॉ शायली कुलकर्णी ने महिलाओं में होने वाले विभिन्न प्रकार के कैंसर के बारे में जानकारी दी एवं कहा कि जब हम पूरे परिवार की जिम्मेदारी संभालने वाले हैं तो हमें पहले स्वयं का ध्यान रखना अति आवश्यक है. असिस्टेंट कमिश्नर जीएसटी डिपार्मेंट मनीषा सोलंकी ने भी शुभकामनाये दी. बीके रेवती दीदी एवं बीके दीपाली बहन ने हल्दी कुमकुम का आध्यात्मिक रहस्य बताया. बीके वीका दीदी ने योग कि सुन्दर अनुभूति कराई. आशा बहन ने संचालन किया.







